महत्वपूर्ण एवं खास

राजधानी में बेलगाम होता अपराध, अब आर्मी जवान से मारपीट

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी में अपराधियों के हौसले बेलगाम होते दिख रहे है। दरअसल मोवा थाना क्षेत्र में आर्मी जवान के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक मोवा थाना पुलिस ने आर्मी के जवान के साथ मारपीट करने वाले एक नाबालिग समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी आसिफ अली और अब्दुल शाहिल समेत 1 नाबालिग ने मिलकर आर्मी के जवान को घेरकर उसके साथ मारपीट की है।

राज्य ओपन स्कूलः मुख्य तथा अवसर परीक्षा के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि अब 31 जनवरी तक

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित मुख्य/अवसर परीक्षा वर्ष 2022 में सम्मिलित होने के लिए विलंब शुल्क 500 रूपए की राशि के साथ अब 31 जनवरी 2022 तक बढ़ाई गई है। इससे पहले प्रवेश की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2022 तक निर्धारित थी। यह निर्णय छात्र हित को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। छात्र प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने समीपस्थ अध्ययन केन्द्र में संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अध्ययन केन्द्रों की सूची कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

11 हजार पशुपालक क्रेडिट कार्ड से होंगे लाभान्वित

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन ने 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए 15 फरवरी तक पशु किसान क्रेडिट कार्ड बनाया जाएगा। इस योजना के तहत अधिकम 3 लाख रुपए तक की रकम क्रेडिट कार्ड के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। इस राशि का उपयोग गाय, भैंस, बकरी, मुर्गी पालन इत्यादि में किया जा सकता है। इस योजना का लाभ प्रत्येक पशुपालक तक पहुंचे इसके लिए मैदानी अमलों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि क्षेत्र में आने वाले ग्रामों के लिए विशेष शिविर लगाकर पशुपालकों को लाभ पहुंचाया जाए। जिले में 11 हजार पशु किसान क्रेडिट कार्ड का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री से सीआरपीएफके डायरेक्टर जनरल ने की सौजन्य मुलाकात

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहाँ उनके निवास कार्यलय में सीआरपीएफ के डायरेक्टर जनरल कुलदीप सिंह ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, सीआरपीएफ के स्पेशल डायरेक्टर जनरल जुल्फ़िक़ार हसन, एडीजी नितिन अग्रवाल, आईजी साकेत, डीआईजी ए.के. सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

डोंगरगढ़ पुलिस ने दुष्कर्म व अपहरण का आरोपी किया गिरफ्तार

राजनांदगांव/डोंगरगढ़ (आरएनएस)। पुलिस ने आज नाबालिक का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को दुर्ग से गिरफ्तार किया है । साथ ही अपहृता को भी आरोपी के कब्जे से बरामद करने में कामयाबी हासिल की है। पूरा मामला राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र का है जहां 21 जनवरी को प्रार्थी ने थाना पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी नाबालिक नातिन दोपहर 1:00 बजे से कहीं चली गई है.... मामले की गंभीरता को देखते हुए डोंगरगढ़ पुलिस ने धारा 363 कायम कर विवेचना शुरू की और अलग अलग टीम बनाकर नाबालिक की पतासाजी की जा रही थी , वही मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उरला दुर्ग में दबिश देकर बंगाली पारा डोंगरगढ़ निवासी गोविंदा उर्फ मोनू मेश्राम के कब्जे से नाबालिक पीड़िता को बरामद किया।

उद्योगों और बाजार की मांग के अनुसार युवाओं को रोजगार के लिए किया जाए तैयार : भूपेश

» जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण देकर युवाओं का किया जाए कौशल उन्नयन

» छत्तीसगढ़ के उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार और नए उत्पादों के निर्माण के लिए दिया जाए शोध कार्यों को प्रोत्साहन

» स्टार्टअप के लिए बेहतर इको-सिस्टम बनाकर युवाओं को उपलब्ध कराया जाए अवसर

» मुख्यमंत्री ने राजधानी में किया छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के कार्यालय का शुभारंभ

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन की प्रथम बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि उद्योगों और बाजार की मांग के अनुसार युवाओं को रोजगार के लिए तैयार किया जाए, उन्हें प्रशिक्षण देकर विभिन्न टेऊड्रों में दक्ष बनाया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में बाजार की मांग के अनुसार उत्पादन किया जाए। इन उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने और सर्टिफिक्रेशन के लिए छत्तीसगढ़ में स्थित उच्च तकनीकी संस्थानों का सहयोग लिया जाए। उन्होंने कहा कि नए स्टार्टअप के लिए बेहतर इको-सिस्टम तैयार किया जाए, जिससे युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।

मुख्यमंत्री बघेल की अध्यक्षता में आज उनके निवास कार्यालय में आयोजित की गई बैठक में रोजगार मिशन के स्वरूप, कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने रोजगार के नए अवसरों के सृजन की दिशा में तेजी से काम करने और नियमित रूप से रोजगार मिशन के कार्यों की समीक्षा के निर्देश दिए। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में आगामी पांच वर्षों में रोजगार के 12 से 15 लाख नये अवसरों का सृजन करने के उद्देश्य से राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन का गठन किया है।

मुख्यमंत्री ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के राज्य स्तरीय कार्यालय का राजधानी रायपुर में शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यमंत्री बघेल ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर उच्च शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री एवं छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के कार्यकारी अध्यक्ष उमेश पटेल, मुख्य सचिव एवं छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के उपाध्यक्ष अमिताभ जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने आई.आई.टी., आई.आई.एम., ट्रिपल आई.आई.टी. और एन.आई.टी. के डायरेक्टरों से भी रोजगार सृजन के संबंध में सुझाव लिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों के उत्पादों के सर्टिफिक्रेशन और मानकीकरण के लिए उच्च शैक्षणिक संस्थान आगे आए। उन्होंने इन संस्थानों से नए स्टार्टअप के साथ ही देश की प्रतिष्ठित कम्पनियों को छत्तीसगढ़ लाने में सहयोग का आग्रह किया। इन कम्पनियों के आने से छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षित युवाओं के लिए राज्य में ही अच्छे अवसर निर्मित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय उद्योगों की जरूरतों के अनुसार युवाओं को विभिन्न टेऊड्रों में प्रशिक्षण देकर उनका कौशल उन्नयन किया जाए, इससे युवाओं को उद्योगों में आसानी से नियोजित किया जा सकता है। इसी प्रकार जिन क्षेत्रों में नए उद्योग लगने हैं वहां उद्योग लगने के पूर्व उस क्षेत्र के युवाओं का सर्वे कर उनकी शैक्षणिक योग्यता और आने वाले उद्योगों के जरूरतों के मुताबिक कौशल उन्नयन कराया जाए। जिससे स्थानीय युवाओं को इन उद्योगों में रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में नए उद्योग लगने हैं उन क्षेत्रों में युवाओं का सर्वे कलेक्टरों के माध्यम से किया जाएगा। युवाओं को उनकी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार विभिन्न टेऊड्रों में आई.टी.आई., लाईवलीहुड कॉलेज आदि में प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

लकड़ी तस्कर सक्रिय, बड़ी संख्या में साल की इमारती लकड़ी लावारिस हालत में मिली

» ग्रामीणों को देख तस्कर वाहन सहित लकड़ी छोड़कर हुए फरार

वाड्रफनगर (आरएनएस)। रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में लकड़ी तस्करों ने अवैध तरीके से जंगल से साल की इमारती लकड़ियों को काटकर छोड़ दिया था, वहां से ले जाने के फिराक में थे तभी ग्रामीणों को इसकी भनक लग गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। करीब 40-45 संख्या में साल की लकड़ी को लावारिस छोड़कर तस्कर फरार हो गए। बलरामपुर जिले के रामानुजगंज फोरेस्ट रेंज अंतर्गत ग्राम पंचायत चुमरा में बड़ी संख्या में साल की इमारती लकड़ी लावारिस हालत में मिली, ग्रामीणों को जब इसकी सूचना मिली तो बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए. ग्रामीणों ने वन विभाग को लावारिस हालत में साल की इमारती लकड़ियों के मिलने की जानकारी दी।

जिले में लकड़ी तस्कर सक्रिय- बलरामपुर जिले के सभी फोरेस्ट रेंज में इमारती लकड़ियों की तस्करी धड़ल्ले से चल रही है अभी हाल ही में रामानुजगंज फोरेस्ट रेंज के विजयनगर गांव में ग्रामीणों ने बड़ी मात्रा में इमारती लकड़ी पकड़ी थी, ग्रामीणों को देखकर तस्कर मौके से लकड़ी और वाहन को छोड़कर जंगल के रास्ते से फरार हो गये।

छत्तीसगढ़ फिर बदल गया मौसम का मिज़ाज, कई स्थानों में हुई बारिश

» पड़ेगी कड़ाके की ठंड

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में बीती रात से मौसम का मिजाज बदल गया है। एक बार फिर प्रदेश में बेमौसम बरसात की शुरुआत हो गई है। आज सुबह राजधानी से लेकर प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बादल छाया हुआ है। वहीं राजधानी सहित प्रदेश के लगभग हिस्सों में रुक-रुककर बारिश भी हो रही है। कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि भी होने की भी जानकारी सामने आई है। हालांकि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने रफ्तार नहीं पकड़ी है।

मौसम विभाग ने प्रदेश में 23 जनवरी से 26 जनवरी तक हल्की, मध्यम बारिश के साथ ही कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना पहले ही जता दी थी। मौसम अनुमान के तहत आज जहां बारिश की शुरुआत हो चुकी है, तो ओलावृष्टि का भी सामना करना पड़ रहा है। बीते दिनों तापमान में बढ़त की वजह से मौसम का मिजाज बदला है।

मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश में आगामी तीन दिनों तक मौसम का हाल कुछ इसी तरह से रहेगा। प्रदेश बादलों से घिरा रहेगा और बारिश होती रहेंगी। इसके अलावा आकाशीय बिजली गिरने के भी संकेत दिए गए हैं, जिससे संभलकर रहने के लिए आगाह किया गया है।

राज्य में करीब 10 दिन पहले ही बेमौसम बारिश हुई थी और तीन दिनों तक मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ था। इसके बाद जब मौसम खुला तो प्रदेशभर में कड़ाके की ठंड के साथ ही शीतलहर का भी असर नजर आ रहा था। मौसम विभाग के मुताबिक 26 जनवरी के बाद प्रदेश में मौसम सामान्य हो जाएगा, लेकिन शीतलहर का सामना करना पड़ सकता है।

छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के कार्यकारी अध्यक्ष होंगे उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल

» मुख्यमंत्री बघेल ने मुख्य सचिव को दिए निर्देश

» छत्तीसगढ़ में आगामी पांच वर्षों में 15 लाख नये रोजगार के अवसरों के सृजन का लक्ष्य

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार उच्च शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा, रोजगार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल को नवगठित छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए हैं। इस संबंध में मुख्यमंत्री बघेल ने मुख्य सचिव को तत्काल आदेश जारी करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में आगामी पांच वर्षों में 15 लाख नये रोजगार के अवसरों का सृजन करने के लिए राज्य शासन ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता वाले छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के गठन का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

राज्य में लोगों को आर्थिक क्रियाकलापों से जोड़ने और उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संभवतः देश में पहली बार रोजगार मिशन की परिकल्पना छत्तीसगढ़ में की गई है। यह मिशन राज्य और जिलों की परिस्थितियों के अनुसार रोजगार के नए-नए अवसरों के सृजन के लिए काम करेगा। इस काम के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन का गठन किया गया है। यह मिशन रोजगार से जुड़े सभी महत्वपूर्ण विभागों के बीच में समन्वय स्थापित कर नए-नए रोजगार की संभावनाएं तलाशने के साथ ही उन्हें संचालित करने में मद्द करेगा। मुख्य सचिव इस मिशन के उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। इस मिशन के काम-काज को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी की नियुक्ति की गई है। रोजगार मिशन के माध्यम से आगामी 5 वर्षों में 15 लाख रोजगार के नए अवसरों का सृजन करने का लक्ष्य है। यह मिशन रोजगार को बढ़ावा देने संबंधी नीतिगत फैसले लेगा और राज्य की औद्योगिक नीति और अन्य नियमों में जहां भी आवश्यक प्रावधान करने की जरूरत होगी अपनी सिफारिश करेगा। सभी जिलों में रोजगार के लिए सेक्टरों का चिन्हांकन होगा। इनमें परम्परागत अवसरों के साथ ही रोजगार के नए अवसरों की पहचान की जाएगी। रोजगार के इच्छुक युवाओं का चिन्हांकन कर उनके लिए कौशल विकास की व्यवस्था की जाएगी। जिलों में रोजगार पार्क भी बनाए जाएंगे, जहां ऐसी इकाईयां स्थापित की जाएंगी। रूरल इंडस्ट्रीयल पार्कों में तैयार उत्पादों की शासकीय खरीदी के अलावा खुले बाजार में बिक्री की व्यवस्था की जाएगी। सेवा क्षेत्रों में नए रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए इन गतिविधियों में युवाओं के कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को मारा ठोकर, चालक घायल, महिला की मौत

जगदलपुर/ रायपुर (आरएनएस)। जिले के नेशनल हाईवे-30 में तेज रफ्तार पिकअप ने एक बाइक सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई है, वहीं चालक घायल है। घायल युवक को जवानों ने जगदलपुर अस्पताल पहुंचाया है। वहीं पिकअप चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बस्तर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, पूरन दास भारती (26) अपनी पत्नी शक्ति भारती (24) के साथ बाइक में सवार होकर बस्तर से जगदलपुर की तरफ आ रहे थे। इस बीच परचनपाल गांव के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक के पीछे बैठी पत्नी उछल कर काफी दूर फेंका गई।

सिर में गंभीर चोटें आने की वजह से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पूरन दास भारती को मामूली चोटें ही आई है। आस-पास के लोगों ने हादसे की जानकारी फौरन पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे जवानों ने पिकअप चालक दामू नाथ को गिरफ्तार कर लिया है। इधर, घायल को अस्पताल रेफर किया गया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक परीक्षा में अभ्यर्थियों की जमकर भीड़

» लुचकी घाट में लगे जाम से अनेक परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 839 पदों के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित पर्यवेक्षक परीक्षा में भाग लेने के लिए प्रदेश की राजधानी के 158 केंद्रों में प्रथम पाली में महिला परीक्षार्थियों की भीड़ शहर में जमकर देखी गई। ज्ञातव्य है कि दूसरी पाली के लिए 102 केंद्रों में होने वाली परीक्षा के लिए परीक्षार्थी शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों के आसपास बड़ी संख्या में देखे गये। कोविड सेंटरों में भी सोशल डिस्टेसिंग के साथ परीक्षार्थियों में पर्यवेक्षक परीक्षा दी। व्यापमं के प्रदेश सलाहकार डॉ. प्रदीप चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर सहित बिलासपुर में

193, अंबिकापुर में 71, दुर्ग 113, रायगढ़ में 51 एवं दूसरी पाली में बिलासपुर में 16, रायपुर 18 केंद्रों में साढ़े 55 हजार पंजीकृत अभ्यर्थियों में से दूसरी पाली की परीक्षा में 53 सौ के आसपास परीक्षार्थियों ने उक्त परीक्षा में भाग लिया।

गौरतलब है कि अंबिकापुर जिले में अंबिकापुर रायगढ़ नेशनल हाइवे 43 पर स्थित लुचकी घाटी में सुबह तड़के जाम लगने के चलते विलंब होने के कारण अनेक परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों में समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण पर्यवेक्षक परीक्षा देने से वंचित हुए। मिली जानकारी के अनुसार सरगुजा जिले के सीतापुर बतौली, लुंड्रा, जशपुर जिले के बगीचा कांसाबेल कुनकुरी, पत्थलगांव आदि क्षेत्र के परीक्षार्थियों ने बड़ी संख्या अंबिकापुर केंद्र परीक्षा सेंटर के लिए भरा था। जाम में फंसे 75 प्रतिशत छोटे वाहन समय पर अंबिकापुर नहीं पहुंच पाये। सोशल मीडिया पर परीक्षा से वंचित अभ्यर्थियों ने शासन प्रशासन पर जमकर भड़ास निकालते हुए समय पर परीक्षा केंद्र नहीं पहुंचने पर स्थानीय अधिकारियों को दोषी ठहराते हुए शासन से यह जानना चाहा है कि लंबे अर्से के बाद निकले विज्ञापन के अनुसार परीक्षा नहीं दे पाने की वजह से अभ्यर्थियों के होने वाली नुकसान की भरपाई कैसे होगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता फैला करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

आईटीबीपी के शहीद असिस्टेट कमाण्डेंट और सहायक उप निरीक्षक की हत्या सहित कई घटनाओं में शामिल हार्डकोर नक्सली गिरफ्तार

नारायणपुर (आरएनएस)। बस्तर आईजी सुंदरराज पी के विशेष मार्गदर्शन में चलाये जा रहे नक्सल अभियान के तहत शनिवार को आईपीएस गिरिजा शंकर जायसवाल, पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर के निर्देशानुसार हार्डकोर नक्सली पण्डरू पदामी को गिरफ्तार किया गया है। हार्डकोर नक्सली पण्डरू पदामी (पिता स्व0 सुखराम पदामी उम्र 20 वर्ष निवासी गुमटेर मुरियापारा) जो वर्तमान में पल्ली बारसूर निर्माणाधीन सड़क में कड़ेनार से कडेमेटा के बीच बड़ी नक्सल घटना को अंजाम देने के लिए लगातार रेकी करने तथा छोटेड़ोंगर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम तोयामेटा में नक्सल गतिविधियों के विस्तार करने हेतु आया था। ये नक्सली आईटीबीपी के शहीद असिस्टेट कमाण्डेंट सुधाकर शिंदे और शहीद सहायक उप निरीक्षक गुरमुख सिंह की हत्या और षड़यन्त्र में शामिल था साथ ही बुकिनतोर बस ब्लास्ट में 5जवानों की हत्या करते हुए 22जवानों को गंभीर रूप से घायल करने की घटना को अंजाम देने देने में भी शामिल था।

उल्लेखनीय है कि उक्त नक्सली नक्सली संगठन में आदेरबेड़ा क्षेत्र का नक्सली सदस्य के रूप में सक्रिय होकर कार्य कर रहा था। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल को सूचना मिली कि उक्त घटना में सक्रिय रहने वाला हार्डकोर नक्सली वर्तमान में नक्सल विस्तार के लिये थाना छोटेड़ोंगर क्षेत्रांतर्गत ग्राम तोयामेटा आया है, प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए जायसवाल ने एसडीओपी छोटेड़ोंगर अभिषेक पैकरा को निर्देशित करते हुए कैम्प कड़ेनार से डीआरजी टीम रवाना किया था। उक्त टीम ने सक्रियता से घेराबंदी कर पण्डरू पदामी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार नक्सली द्वारा दोनों मुख्य घटनाओं में अपनी सक्रियता सहित छोटे-बडे अनेको नक्सल गतिविधियों में सक्रिय रहने की बात को स्वीकार किया है। फलस्वरूप उक्त हार्डकोर नक्सली पण्डरू पदामी को माननीय सीजेएम महोदय, नारायणपुर के समक्ष प्रस्तुत करते हुए न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।

गिरफ्तार हार्डकोर नक्सली पण्डरू पदामी 20.08.2021 को ग्राम कड़ेमेटा में घटित नक्सली घटना जिसमें असिस्टेट कमाण्डेंट सुधाकर सिंदे तथा सहायक उप निरीक्षक गुरमुख सिंह की गोली मारकर हत्या करने व एके-47 रायफल, मैग्जीन, राउण्ड और बीपी जैकट तथा मोटोरोला सेट लूटने की घटना का षड़यंत्र करने, रैकी करने व घटना को अंजाम देने में शामिल था।